कार्यालय पुलिस उपायुक्त अपराध, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-25.10.2024

डिजिटल हाउस अरेस्टिंग स्कैम, इन्वेस्टमेंट स्कैम हेतु बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले ब्रोकर गैग के अन्तर्राष्ट्रीय सरगना सहित 04 शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, उनके कब्जे से भारी मात्रा मे मोबाइल, बैंक खाते, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड व नकदी आदि बरामद।

दिनाक 23.10.2024 को श्री विशाल सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी सिंहापुर हरहुआ थाना बडागांव कमि0 वाराणसी द्वारा थाना साइबर क्राइम वाराणसी पर लिखित सूचना दिया गया कि साइबर अपराधियों द्वारा उनको बिजनेस/इन्वेस्टमेंट का फर्जी झांसा देकर उनका विभिन्न बैंको मे खाता खुलवा लिया गया है जिसमे भारी मात्रा मे Transactions हो रहे है और वह बैंक खाते पुलिस द्वारा फ्रीज भी करा दिया गया है। उक्त सूचना पर थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 110/2024 धारा 318(4), 61(2) बीएनएस तथा 66सी आई0टी0 एक्ट पंजीकृत किया गया जिसकी विवचेना निरीक्षक विजय नारायण मिश्र द्वारा की जा रही है।

उक्त प्रकरण के दृष्टिगत श्री मोहित अग्रवाल पुलिस आयुक्त वाराणसी, श्री प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त अपराध वाराणसी के निर्देशन मे तथा सुश्री श्रुति श्रीवास्तव अपर पुलिस उपायुक्त अपराध वाराणसी व श्री गौरव कुमार सहायक पुलिस आयुक्त अपराध वाराणसी के नेतृत्व मे एक टीम का गठन किया गया जिसको उक्त घटना का सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के क्रम मे तमामी विवेचना, इलेक्ट्रानिक सर्विलांस, डिजिटल फूटप्रिंट व जमीनी सर्विलांस आदि का इस्तेमाल करते हुए बैंक खाता ब्रोकर गैंग के अन्तर्राष्ट्रीय सरगना सहित वाराणसी से 04 शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से भारी मात्रा मे मोबाइल, एटीएम कार्ड, सिमकार्ड, पासबुक, तथा नकदी आदि बरामद की गयी है।

अपराध करने का तरीका-

उपरोक्त गैंग मे सम्मिलित साइबर अपराधियों द्वारा डिजिटल हाउस अरेस्टिंग गैंग, इन्वेस्टमेंट स्कैम गैंग के दुबई मे बैंठे सरगनो से मीटिंग कर हाई लिमिट वाले बैंक खाते, इन्टरनेशनल एक्टिव एटीएम कार्ड, खातों मे पंजीकृत सिमकार्ड आदि उपलब्ध कराने की डीलिंग होती है जिसके लिए इनको इनमे आने वाले पैसों का 30 प्रतिशत मिलता है। इसके बाद इनके द्वारा भारत के विभिन्न राज्यो व

शहरो मे अपना सिंडिकेट बनाया जाता है जिनके माध्यम से स्थानीय लोगो को बिजनेस/इन्वेस्टमेंट स्कैम आदि का झांसा देकर अवैध तरीके से विभिन्न बैंको मे बैंक खाते खुलवाये जाते है। फिर उन खातों मे इन्टरनेट बैंकिग सेट कर तथा डेबिट कार्ड को इन्टरनेशनल एक्टिव कर व उसकी लिमिट बढाकर दुबई भेज दिया जाता है। फिर दुबई मे बैठे साइबर अपराधियों द्वारा आम-जनमानस के साथ डिजिटल हाउस अरेस्टिंग तथा इन्वेस्टमेंट स्कैम जैसे अपराध कारित कर पैसे मंगाये जाते है। आगे उन पैसों की डीलिंग क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से कर यह लोग पैसा अपने निजी बैंक खातों मे प्राप्त कर लेते है। इस कार्य के लिए इनको उन खातों मे आये साइबर अपराध के पैसे का 30 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त होता है जिसको यह लोग आपस मे बांट लेते है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.पाटेलिया दिशांत किरीटभाई पुत्र किरीटभाई निवासी 2786 श्रीनाथ जी मंदिर स्ट्रीट महालक्ष्मी चैक थाना सिटी ए0 डिविजन जामनगर गुजरात उम्र करीब 32 वर्ष। ***(सरगना)***

2.दीपक दिनेश भाई जोगिया पुत्र दिनेश भाई निवासी लुहारसर भाटफली थाना सिटी ए0 डिविजन जामनगर गुजरात उम्र करीब 32 वर्ष।

3.सत्यम मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा निवासी कर्मी मंगारी थाना फूलपुर कमि0 वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

4.नितिन पाण्डेय पुत्र आषीश पाण्डेय निवासी पुरेमुडिया थाना औराई जनपद संतरविदास नगर (भदोही) उम्र करीब 22 वर्ष।

आपराधिक इतिहास का विवरण-

मु0अ0सं0 110/2024 धारा 318(4), 61(2) बीएनएस तथा 66सी आई0टी0 एक्ट थाना साइबर क्राइम कमि0 वाराणसी।

बरामदगी का विवरण-

एण्ड्रायड मोबाइल-	06 अदद।
आई0ओ0एस0 मोबाइल-	01 अदद।
की-पैड मोबाइल-	01 अदद।
विभिन्न बैंको के एटीएम कार्ड-	20 अदद।
विभिन्न कम्पनियों के सिमकार्ड-	10 अदद।
विभिन्न कम्पनियों के सिमकार्ड रैपर-	06 अदद।
विभिन्न बैको के एटीएम किट-	13 अदद।
विभिन्न बैको के पासबुक-	14 अदद।
नकद धनराशि-	6070/- रूपये

गिरफ्तारी/ सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट वाराणसी	
• निरीक्षक विजय नारायण मिश्र • निरीक्षक राकेश कुमार गौतम • निरीक्षक अनीता सिंह • उ0नि0 नीलम सिंह • उ0नि0 सतीश सिंह • उ0नि0 संजीव कन्नौजिया. • हे0का0 आलोक कुमार सिंह • हे0का0 प्रभात द्विवेदी • क0आ0 श्याम लाल गुप्ता • हे0का रविकान्त जायसवाल • का0 चन्द्रशेखर यादव • का0 देवेन्द्र यादव	• का0 पृथ्वीराज सिंह • का0 दिलीप कुमार • का0 सूर्यभान सिंह • का0 अनिल मौर्या • का0 अनिल यादव • का0 अवनीश सिंह • का0 अंकित प्रजापति • का0 ड्रा0 विजय कुमार • म0का0 पुनीता यादव • म0का0 प्रीति सिंह

नोटः- उक्त गिरफ्तारी मे सर्विलांस सेल का विशेष सहयोग रहा है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, अपराध
कमिश्नरेट वाराणसी।